NBT

ब्लू स्टार को दूसरी तिमाही से कारोबार में सुधार की उम्मीद

डिसक्लेमर:यह आर्टिकल एजेंसी फीड से ऑटो-अपलोड हुआ है। इसे नवभारतटाइम्स.कॉम की टीम ने एडिट नहीं किया है।

भाषा Updated: 09 Jul 2021, 03:33:00 PM

नयी दिल्ली, नौ जुलाई (भाषा) एयर कंडीशनर क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड को उम्मीद है कि कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर कमजोर पड़ने के बाद चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही से कारोबार में सुधार होगा।

कंपनी के अध्यक्ष शैलेश हरिभक्ति ने कहा कि महामारी से सबक लेने के बाद कंपनी अब किसी खास भौगोलिक क्षेत्र पर निर्भरता और मौसमी जोखिमों को कम करने के साथ ही निर्यात बढ़ाने पर जोर दे रही है।

ब्लू स्टार हाल में सरकार द्वारा घोषित उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में भाग लेने की तैयारी भी कर रही है।

हरिभक्ति ने कंपनी के शेयरधारकों से कहा, ''कोविड की दूसरी लहर के चलते पैदा हुए हालात के कारण अर्थव्यवस्था और हमारा कारोबार वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में ठहर सा गया और हमें एक और खराब गर्मी के सत्र का सामना करना पड़ा।''

उन्होंने आगे कहा, ''स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और तेजी से टीकाकरण अभियान के साथ मुझे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही से चीजें बेहतर होने लगेंगी।''

https://navbharattimes.indiatimes.com/business/business-news/blue-star-expects-improvement-in-business-from-second-quarter/articleshow/84264526.cms